LOK SABHA SPEAKER URGES LEADERS OF POLITICAL PARTIES TO RUN THE HOUSE SMOOTHLY/सदन को सुचारु रूप से चलाने के लिए लोक सभा अध्यक्ष ने राजनैतिक दलों की नेताओं से आग्रह किया

…

DURING NINTH SESSION OF SEVENTEENTH LOK SABHA, THERE WILL BE 18 SITTINGS AND A TOTAL TIME OF 108 HOURS WILL BE AVAILABLE: LOK SABHA SPEAKER/सत्रहवीं लोक सभा के नौवें सत्र के दौरान 18 बैठकें होंगी और कुल 108 घंटे का समय उपलब्ध होगा: लोक सभा अध्यक्ष

…

62 HOURS HAVE BEEN ALLOTTED FOR GOVERNMENT BUSINESS DURING THE SESSION: LOK SABHA SPEAKER/इस सत्र के दौरान सरकारी कार्य के लिए 62 घंटे उपलब्ध होंगे: लोक सभा अध्यक्ष

…

TIMING OF SUBMISSION OF NOTICE FOR RAISING MATTERS DURING ZERO HOUR HAS BEEN CHANGED. NOW MEMBERS CAN GIVE NOTICES FROM 0900 HOURS OF A GIVEN DAY TO 0800 HOURS OF THE SESSION DAY ON WHICH THE MEMBERS DESIRE TO RAISE THEIR MATTERS IN THE HOUSE: LOK SABHA SPEAKER/शून्यकाल के दौरान उठाई जाने वाली सूचनाओं को प्रस्तुत करने के समय में परिवर्तन किया गया है। अब सदस्य किसी भी दिन-विशेष को प्रातः 0900 बजे से लेकर सत्र के उस दिन के प्रातः 0800 बजे तक अपनी सूचनाएं दे सकते हैं: लोक सभा अध्यक्ष

…

COVID PROTOCOLS WILL BE FOLLOWED DURING THE SESSION: LOK SABHA SPEAKER/संसद का सत्र में उचित कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन किया जाएगा: लोक सभा अध्यक्ष लोक सभा अध्यक्ष ने सत्रहवीं लोक सभा के मॉनसून सत्र से पहले सर्वदलीय बैठक की अध्यक्षता की

…

New Delhi; 16 July, 2022: Lok Sabha Speaker Shri Om Birla Chaired a meeting with the Leaders of parties in the Lok Sabha, ahead of the commencement of the Ninth Session of the Seventeenth Lok Sabha, in the Parliament House Complex, today.

Welcoming the leaders to the meeting, Shri Birla informed that the Session is commencing from 18th July, 2022 and is likely to conclude on 12th August, 2022. He further said that as per the schedule, there will be 18 sittings during the Session and a total time of 108 hours will be available out of which about 62 hours will be available for government business. The remaining time has been allotted for Question Hour, Zero Hour and private members' business. In addition to government business, sufficient time shall be allotted as per the need for discussion on matters of urgent public importance.

Shri Birla also informed that the timing of submission of notice for raising matters during Zero Hour has been changed. Now Members can give notices from 0900 hours of a given day to 0800 hours of the Session day on which the members desire to raise their matters in the House uring Zero Hour. Notices for Monday or the first working day of the week may be given between 0900 a.m. on Friday or the last working day of the previous week and 0800 a.m. on Monday or the first working day of that week. The notices received up to 0800 a.m. on the same day of the Session on which the members wish to raise their matter in the House shall be balloted by computer immediately after 0800 hrs. Members’ portal will remain open for online submission of information on Saturdays, Sundays and holidays.

Shri Birla also informed that like the previous Sessions, proper COVID-19 protocol will be followed in this Session and adequate arrangements have been made in this regard. Elaborate security arrangements have also been made for the Session. Shri Birla appealed the Leaders of the political parties in Lok Sabha for smooth conduct of the House during the Session. He expressed hope that political parties and Members will cooperate.

नई दिल्ली; 16 जुलाई, 2022: लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने आज संसद भवन परिसर में सत्रहवीं लोक सभा के नौवें सत्र के आरम्भ होने से पहले लोक सभा में विभिन्न दलों के नेताओं के साथ बैठक की।

बैठक में सभी नेताओं का स्वागत करते हुए श्री बिरला ने अवगत कराया कि सत्र 18 जुलाई, 2022 से प्रारम्भ हो रहा है और 12 अगस्त, 2022 को इसके सम्पन्न होने की संभावना है । उन्होंने आगे कहा कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, सत्र में 18 बैठकें होंगी और कुल 108 घंटे का समय उपलब्ध होगा जिसमे सरकारी कार्य के लिए लगभग 62 घंटे उपलब्ध होंगे। प्रश्नकाल, शून्यकाल और गैर-सरकारी सदस्यों के कार्य के लिए बाकि का समय आवंटित किया गया है। सरकारी कार्य के अतिरिक्त, अविलंबनीय लोक महत्व के मामलों पर चर्चा के लिए आवशयकता अनुसार पर्याप्त समय आवंटित किया जाएगा।

श्री बिरला ने यह भी सूचित किया कि शून्यकाल के दौरान उठाई जाने वाली सूचनाओं को प्रस्तुत करने के समय में परिवर्तन किया गया है। अब माननीय सदस्यगण किसी भी दिन-विशेष को प्रातः 0900 बजे से लेकर सत्र के उस दिन के प्रातः 0800 बजे तक अपनी सूचनाएं दे सकते हैं जिस दिन वे सभा में शून्य काल में अपना मामला उठाना चाहते हैं। सोमवार या सप्ताह के पहले कार्य दिवस के लिए सूचनाएं शुक्रवार या पिछले सप्ताह के अंतिम कार्य दिवस को प्रातः 0900 बजे और सोमवार या उस सप्ताह के पहले कार्य दिवस को प्रातः 0800 बजे के बीच दी जा सकेंगी। सत्र के उसी दिन, जिस दिन सदस्य सभा में अपना मामला उठाना चाहते हैं, प्रातः 0800 बजे तक प्राप्त सूचनाओं का 0800 बजे के तुरंत बाद कंप्यूटर द्वारा बैलट किया जाएगा। पोर्टल शनिवार, रविवार और छुट्टियों वाले दिन ऑनलाइन सूचना प्रस्तुत करने के लिए खुला रहेगा।

श्री बिरला ने यह सूचना भी दी कि विगत सत्रों की तरह इस सत्र में भी उचित कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन किया जाएगा तथा इसके लिए पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं। सत्र में सुरक्षा के भी व्यापक प्रबंध किए गए हैं। श्री बिरला ने आशा व्यक्त की कि सभी सदस्य कोविड-19 प्रोटोकॉल सम्बंधित नियमों का पालन करेंगे और अपना भरपूर सहयोग देंगे।

श्री बिरला ने सत्र के दौरान सभा के सुचारू और सुव्यवस्थित कार्य संचालन को सुनिश्चित करने में सभी दलों के नेताओं के सहयोग की अपेक्षा की।